## खबर संक्षेप

### थाना से फरार हुए वारंटी को फिर से दबोचा

**कटनी।** बड़वारा थाना से पुलिस को चकमा देकर फरार हुए एक वारंटी को मशक्कत के बाद पुलिस ने दोबारा गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा वारंटियों की धरपकड़ के लिए दिए गए निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं मुख्यालय एसडीओपी उमराव सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार देर रात बड़वारा पुलिस ने एक स्थायी वारंट के आधार पर कोदू लाल पटेल नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया था। कोदू लाल पटेल जब रात के समय थाने में स्टाफ कम था उसी दौरान मौका मिलते ही पुलिस को चकमा देते हुए थाना परिसर से नौ दो ग्यारह हो गया था। वारंटी के फरार हो जाने की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा वारंटी की तलाश के लिए चार टीमों को लगाया गया। टीमों को थाना क्षेत्र के जंगलों एवं अन्य संभावित स्थानों पर वारंटी की तलाश के लिए भेजा गया। तलाश करते हुए फरार वारंटी कोदू लाल पटेल को ग्राम सलाना और बसाडी के बीच खेत में छिपे हुए पकड़ा। पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए वारंटी के खिलाफ धारा 224 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### फगिंग मशीन से हुआ धुएं का छिड़काव

**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा ग्रीष्मऋतु के दौरान मच्छरों पर नियंत्रण लगानें के उद्धेश्य से वार्डवार फागिंग कार्य हेतु कैलेंडर जारी किया जाकर रोजाना वार्डवार अभियान चलाकर फागिंग मशीन से धुएं की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने इस संबध में जानकारी देते हुए बताया कि इसी कड़ी में विगत दिवस रविवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड में वार्ड पार्षद एवं क्षेत्रीय दरोगा की मौजूदगी में फागिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वार्ड की विभिन्न गलियों नेपाली मोहल्ला, बजरंग नगर, दुगाड़ी नाला बस्ती, मुक्ति धाम गली, मेन रोड चैराहा, माधवनगर गेट, पुष्पा शर्मा बस्ती, मेन मार्केट, बसंत डेयरी के पास, इंदिरा ज्योति कॉलोनी, श्रीमती अलका जैन एवं आदेश जैन गली सहित वार्ड के विभिन्न स्थलों में ई-रिक्शे में फागिंग मशीन स्थापित कर रासायनिक धुंए छोडनें की कार्यवाही की गई। श्री सोनी नें बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर के विभिन्न वार्डो में चलाये जा रहे इस अभियान से नागरिकों को मच्छरों से काफी हद तक राहत मिली है।

### बिरसा मुंडा का मनाया गया बलिदान दिवस

**सिलौंडी।** सिलौंडी में बिरसा मुंडा बलिदान दिवस मनाया । मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय,मंडल मंडल उपाध्याथ सोनू दुबे सहित ग्राम की महिलाओं ने भगवान बिरसा बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी और उनके सामाजिक कार्यों को याद किया । मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने सभी ग्रामीणों से समरसता के साथ मिलकर अपनी मातृभूमि , संस्कृति की रक्षा करने का आग्रह किया ।

## मीडिया कर्मियों के साथ की गई अभद्रता एवं धक्का मुक्की से था भारी आक्रोश

# विरोध प्रदर्शन के बाद हटाए गए डीएसपी एवं महिला थाना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मीडियाकर्मियों के साथ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा की गई अभद्रता एवं धक्का मुक्की के मामले में कार्यवाही नहीं होने से आक्रोशित पत्रकारों ने सोमवार को नगर के सुभाष चौक में धरना प्रदर्शन किया। पत्रकारों ने मांग की है कि जब तक दोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्यवाही नहीं की जाती तब तक विरोध जारी रहेगा।



### महिला थाना में हंगामा के कवरेज के दौरान हुई थी घटना

गौरतलब है कि बीते 31 मई को पूर्व सीएसपी ख्याति मिश्रा के सिविल लाइन स्थित सरकारी आवास एवं महिला थाना परिसर में पुलिस कर्मियों के द्वारा ख्याति एवं शैलेन्द्र शर्मा के परिजनों द्वारा अभद्रता एवं मारपीट किये जाने की घटना का कवरेज करने जब पत्रकार पहुंचे तो पुलिस अधिकारियों ने न केवल पत्रकारों के साथ धक्का मुक्की की बल्कि अपशब्दों का प्रयोग किया गया। पुलिस द्वारा की गई अभद्रता के कारण पत्रकार आक्रोशित हो गए और थाने में ही पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। घटना को करीब 10 दिन बीत जाने के बाद भी दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कोई एक्शन न लिए जाने के कारण पत्रकारों खासा आक्रोश है। इसी बात को लेकर सोमवार को दोपहर करीब 3 बजे से शहर के सुभाष चौक में जिले भर के पत्रकारों ने पुलिस विभाग के रवैए को लेकर सांकेतिक धरने की शुरुआत की।

### कार्यवाही करने की थी मांग

धरना प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों ने एक जुटता का परिचय देते हुए साफ तौर पर कहा कि दोषी डीएसपी प्रभात शुक्ला सहित थाना प्रभारियों एवं पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही से कम किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया जाएगा। पत्रकारों की मांग थी कि यदि पुलिस अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं की गई तो आगामी समय में उग्र आंदोलन करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर दी कार्यवाही की जानकारी

पत्रकारों द्वारा विरोध प्रदर्शन की जानकारी शासन स्तर तक पहुंची जिसके बाद ट्वीट के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बताया कि कटनी में हुए घटनाक्रम के फलस्वरूप दोषी पुलिस अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। पूरे घटनाक्रम की जांच के उपरांत सोमवार की शाम डीएसपी अजाक प्रभात शुक्ला एवं महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा को डीजीपी ने उप पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन के कार्यालय में प्रशासनिक दृष्टि से संबद्ध किया है। अनुशासनात्मक कार्यवाही भी प्रचलन में है।



# जून में एकमुश्त मिलेगा तीन माह का खाद्यान्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिले के सभी पात्र परिवारों को परिवारों को माह जून में जून, जुलाई एवं अगस्त के राशन का वितरण एकमुश्त किया जायेगा।

ज्ञात हो कि वर्षा काल के दौरान राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण एवं वितरण में आने वाली कठिनाइयों के निराकरण के मद्देनजर राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के सभी पात्र परिवारों को माह जून से लेकर अगस्त माह तक का राशन का एकमुश्त वितरण करने के निर्देश दिए गये हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के इस निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों को अपनी राशन दुकान के बाहर इस संबंध में फलैक्स अथवा बैनर लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

हितग्राहियों को माह जून में पीओएस मशीन पर तीन बार बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद तीन माह का एकमुश्त राशन प्राप्त होगा। सभी हितग्राहियों से परिवार के शेष सदस्यों की ई-केवायसी अनिवार्य रूप से करा लेने का आग्रह किया गया है। हितग्राहियों से एसएमएस के माध्यम से मोबाइल पर प्राप्त सूचना से वितरित राशन सामग्री का मिलान करने एवं राशन सामग्री प्राप्त करते समय पीओएस मशीन से जारी पॉवती प्राप्त करने की सलाह भी दी गई है।

*जिला स्तर से पंचायत स्तर तक होंगे सामूहिक योग कार्यक्रम*

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग की थीम पर होगा ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सम्पूर्ण प्रदेश में जिला स्तर से लेकर विकासखण्ड स्तर और ग्राम पंचायत स्तर तक सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा हो रहा है इसे देखते हुये अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायें।

ज्ञात हो कि योग को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2015 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया था। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीमऱ एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योगऱ ( योगा फॉर वन अर्थ, वन नेशन) निर्धारित की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी विभागाध्यक्षों, सभी संभाग कमिश्नर एवं सभी जिलों के कलेक्टर को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदेश में जिला स्तर और विकासखण्ड स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित किये जाने वाले सामूहिक योग के कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक, आई टी आई एवं समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों के अलावा अन्य समस्त शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। साथ ही योग संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्य एवं औद्योगिक संगठन तथा आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश के समस्त शासकीय अथवा निजी संस्थाओं द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा प्रदाय लिंक में आयोजक के रूप में पंजीयन कराना होगा। जिससे भारत सरकार स्तर पर प्रदेश में आयोजन की संख्या निर्धारित हो सके। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग के कार्यक्रम प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी किये जायेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि योग एक शारीरिक एवं आत्मिक किया है, जिसका किसी धर्म अथवा पंथ से कोई संबंध नहीं है। सामूहिक योग प्रदर्शन स्वैच्छिक होगा, किन्तु प्रदेश की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा इसे आवश्यक रूप से आयोजित किया जायेगा।

## बिलहरी स्थित प्राचीन बावड़ी में श्रमदान कर सफाई



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम बिलहरी स्थित प्राचीन बावड़ी में साफ-सफाई व श्रमदान किया गया एवं बावड़ी में सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली व लाइट की सजावट की गई और गंगा पूजन कर आरती कर दीपदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रीठी विकासखंड की सभी नवांकुर संस्थाओं के सदस्य व परामर्शदाताओं के साथ ग्राम बिलहरी के समाजसेवी, बच्चे व मातृशक्ति ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं जिला समन्वयक ने कार्यक्रम के समापन अवसर पर उद्बोधन देते हुए बताया कि जल का सदुपयोग करना हम सबका कर्तव्य है एवं जब तक जल का सरंक्षण नही करेंगे तब तक दिनों-दिन जल संकट की स्थिति बढ़ेगी। अत: सभी जल को बचाने का प्रयास करें।

## बहोरीबंद के ग्राम कुंआ में हुई घटना, मातम में बदल गई खुशियां

# निकलनी थी बारात, अचानक दूल्हा अचेत होकर गिरा और थम गई सांसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शादी की तैयारियों के बीच बारात निकलने के पहले ऐसी घटना हुई कि खुशियां मातम में बदल गई। वर जब बारात जाने के लिए तैयार होकर निकला ही था कि अचानक से वह गिर पड़ा। घर में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। परिजन दूल्हे को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाने के लिए निकले लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई। जैसे ही दूल्हे की मौत की खबर लगी वैसे ही खुशियां चीत्कार में बदल गई। यह घटना बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम कुंआ गांव की है।

जानकारी के अनुसार कुआं गांव निवासी सुमेरा सेन के 27 वर्षीय पुत्र आशीष सेन का विवाह दमोह जिले के जबेरा अंतर्गत माला बम्होरी गांव में तय हुआ था। शनिवार को बारात जानी थी। घर में रिश्तेदारों का जमावड़ा लगा हुआ था। विवाह की रस्में चल रही थीं। शाम को लगभग सात बजे बारात माला बम्होरी रवाना होनी वाली थी। आयोजन वाले घर में खुशियों का साज बज रहा था महिलाएं विवाह गीत गाते हुए बारात को रवाना करने में लगी हुई थीं इसी बीच दूल्हा आशीष तैयार होते समय अचानक अचेत होकर गिर गया। जैसे ही दूल्हा गिरा घर में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में स्वजन आशीष को वाहन से लेकर रवाना हुए लेकिन सिहोरा पहुंचने से पहले ही उसकी सांसें थम गई। दूसरी ओर माला बम्होरी गांव में बारात के आने का इंतजार हो रहा था लेकिन रात को दूल्हे की मौत की खबर पहुंचने से वहां भी खुशियां मातम में बदल गई। आशीष का शव सिहोरा शासकीय अस्पताल ले जाया गया। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद उसका शव स्वजनों को सौंपा गया। युवक की अचानक हुई मौत से गांव में भी मातम छा गया। गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

*25 लाख रूपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन*

# महाविद्यालय का होगा सौंदर्यीकरण, बिछिया में बनेगा सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



पकरिया स्थित शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में सौंदर्यीकरण एवं पार्क निर्माण कार्य और मंगेली ग्राम पंचायत के बिछिया गांव में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कराया जाएगा। भरभरा आश्रम के संत बनवारी दास जी महाराज,बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, जिला मंत्री विजय दुबे,जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल,सरपंच शिवचरण पटेल ने निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष दुबे ने बताया कि महाविद्यालय में 11 लाख रुपये से सौंदर्यीकरण कार्य और बिछिया में 25 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

महाविद्यालय में छात्रों और बिछिया में ग्रामीणों को सुविधाएं मुहैया होंगी। इसके अलावा पौधारोपण भी किया।

इस मौके पर राजा चौरसिया,राजेश ब्यौहार, प्राचार्य आरती धुर्वे, सत्यनारायण पांडेय, मंडल महामंत्री अंकित झारिया,धर्मेन्द्र गौतम, उपसरपंच रिंकू मिश्रा,संदीप सोनी,शैलेन्द्र झारिया,डॉ.आशीष शुक्ला,विनोद साहू,कोमल गोस्वामी, सुरेंद्र साहू,पारस पटेल, वीरू तिवारी, दिनेश गुप्ता,अखिलेश नामदेव सचिव धनजंय मिश्रा, रोजगार सहायक अंकित पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर ने कहा सबका साथ सबका विकास हमारा मूल मंत्र

# डामलीकरण कार्य के बाद सुगम आवागमन की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन में नगर विकास के कार्यों को गति प्रदान करते हुए एक और अति महत्वपूर्ण आजाद चौक से झंडा बाजार खेर माई मढिया तक 27.35 लाख रुपए की लागत से मुख्य जुलूस मुख्य मार्ग में होने वाले सड़क डामरीकरण कार्य का भूमि-पूजन सोमवार शाम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी,एवं भाजपा जिला महामंत्री अंकिता तिवारी सहित क्षेत्रीय व्यवसाई एवं रहवासी भी मौजूद रहें।



महापौर श्रीमती सूरी ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास हमारा मूल मंत्र है और इसी मंत्र के द्वारा हम क्षेत्र के सुदृढ़ बुनियादी ढांचे और जनकल्याण हमारी प्राथमिकता है। शासन के माध्यम नागरिकों की सुविधाओं के विस्तार के लिए प्राप्त अनुदान से निरंतर ही विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नगर का एकरूपता से विकास हो और नागरिकों को प्राथमिकता से मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके इसके लिए हमारी परिषद निरंतर कार्य कर रही है। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि चूंकि यह मार्ग नगर का मुख्य जुलूस मार्ग भी है जिसके चलते हमारा यही प्रयास होगा कि मार्ग का निर्माण तय समयावधि में मानक गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। महापौर ने कार्यक्रम में मौजूद मार्ग के निवासियों से डामरीकरण कार्य के दौरान नव निर्मित मार्ग से कुछ घंटे आवागमन न करने तथा निर्माण कार्य के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर भी नजर रखने का आग्रह किया।

### रेस्टोरेशन का भी कार्य

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि शासन निर्देशानुसार नगर में सीवर लाइन विस्तार का कार्य प्रगतिरत हैं। निगम प्रशासन द्वारा सीवर कार्य के दौरान पाइप लाइन डालने हेतु खोदी गई रोड का निर्धारित अवधि में नियमानुसार रेस्टोरेशन का कार्य भी बरसात पूर्व पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे है। नागरिकों के सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान में नगर के कई वार्डों में निरंतरता के साथ रेस्टोरेशन का कार्य जारी है।

### मंदिर पहुंचकर लिया आशीर्वाद

इसके पूर्व महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा महिला पार्षदों के साथ लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रभु लक्ष्मी नारायण के दर्शन लाभ प्राप्त कर नगर विकास नागरिकों के सुख समृद्धि की कामना की।

# बाइक सवार चाचा एवं भतीजे को वाहन ने मारी टक्कर, दोनो की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

मोटरसाइकिल में सवार होकर रिश्तेदारी में जा रहे चाचा भतीजे सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। यह सड़क दुर्घटना सोमवार की सुबह बंजारी में बरही रोड पर हुई है। सुबह जब राहगीरों ने सड़क पर क्षत विक्षत शव पड़े देखा तो सूचना पुलिस को दी। वहीं घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।



जानकारी मुताबिक ग्राम हरैया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र सिंह अपने भतीजे योगेश सिंह के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एमके 7037 में सवार होकर बरही की तरफ रिश्तेदारी में जा रहे थे। जब बाइक सवार चाचा, भतीजे बंजारी से गुजर रहे थे तभी बरही रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। इस घटना में दोनों चाचा, भतीजे की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही की। परिजनों की मौजूदगी में बीएमओ डॉक्टर विनोद कुमार द्वारा मृतकों का शव परीक्षण कराया गया। इसके बाद पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। घटना कारित करने वाले आरोपी वाहन और चालक की परसाजी पुलिस कर रही है।

**खबर संक्षेप**

## आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**कटनी**। निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए जारी पहली आवंटन सूची के अनुसार प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जून है। जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी ने बताया कि इस बार कटनी जिले में कुल 1736 प्राप्त आवेदनों में सत्यापन उपरांत निजी विद्यालयों में छात्रों के प्रवेश हेतु लॉटरी के माध्यम से 886 सीटों का आवंटन हो चुका है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए स्कूल आवंटन की स्थिति आधिकारिक पोर्टल पर देख सकते हैं। परिणाम पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर एसएमएस के माध्यम से भी देखे जा सकते हैं। आरटीई के तहत जिन बच्चों का नाम लॉटरी में आया है उन्हें 10 जून तक प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होगी। संबंधित स्कूलों में पहुंचकर अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमिशन की रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर करा सकते हैं । प्रथम चरण में जिन बच्चों द्वारा आवंटित स्कूल में एडमिशन नहीं लिया जाएगा उस स्थिति में विद्यालयों की रिक्त सीटों में दूसरे चरण में लॉटरी के माध्यम से प्रथम चरण मे सम्मिलित न हो पाने वाले बच्चों को प्रवेश के अवसर प्राप्त होंगे। अशासकीय विद्यालय द्वारा चयनित किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश देने से वंचित नहीं किया जा सकेगा।

## प्रौढ़ की सर्पदंश से तो किशोरी की विषपान करने से हुई मौत

**कटनी**। जहरीले सांप के काटने से एक युवक की मौत हो गई। घटना बरही थाना अंतर्गत ग्राम गोहावल की है। जानकारी के अनुसार कतरी पिता झुरहा कोल 50 घर में था तभी अचानक जहरीले सांप ने काट दिया। तबियत बिगडने पर परिजन आसपास एरिया में झाड़ फूंक कराने में लग रहे। हालात में जब सुधार नहीं हुआ तो परिजन युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची, कार्रवाई कर मामले को जांच में लिया है। डॉक्टर का कहना है कि जिस वक्त सांप ने काटा था तभी अस्पताल लेकर आते लेकिन देरी से लाया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसी तरह एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी ने जहर पीकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। एनकेजे थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया की कल्पना पटेल पिता विनोद पटेल 16 निवासी कौड़िया थाना एनकेजे ने अज्ञात जहरीले पदार्थ को पी लिया है। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर उसकी मौत हो गई। किशोरी ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों के चलते उठाया है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## युवाओं के पास स्वरोजगार का सुनहरा मौका

**कटनी**। राज्य शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा बेरोजगार युवाओं के स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना संचालित की जा रही है। जिसमें इच्छुक आवेदक पात्रता अनुसार आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत खुदरा व्यवसाय एवं सेवा व्यवसाय हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 25 लाख रूपये तक की और उद्योग (विनिर्माण) हेतु 50 हजार रूपये से लेकर 50 लाख रूपये तक की औद्योगिक इकाईयां स्थापित की जा सकेंगी। योजनान्तर्गत राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों को वितरित ऋण के सबंध में 3 प्रतिशत की दर से अधिकतम 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान दिया जाता है। साथ ही योजनान्तर्गत ऋण ग्रारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक प्रतिपूर्ति के रूप में देय होती है। योजना का लाभ लेने हेतु 18 से 45 वर्ष के वे युवा जो मध्यप्रदेश का स्थानीय निवासी हो, न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हों एवं उनकी वार्षिक आय 12 लाख रूपये से कम हो, आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक युवा समस्त दस्तावेजों के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### सीएम हेल्पलाइन, विकसित कृषि संकल्प अभियान, ई-ऑफिस, सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं शिक्षा विभाग की प्रदेश में खराब रैंकिंग पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने सीएम हेल्पलाइन, समग्र ई-केवाईसी, सीएम डैशबोर्ड, समय-सीमा पत्रों, विकसित कृषि संकल्प अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान एवं ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं शिक्षा विभाग की प्रदेश में खराब रैंकिंग पर नाराजगी जाहिर की एवं इसमें सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग 50 दिवस से ज्यादा समय से लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करें।

कलेक्टर श्री यादव ने बैठक में विकसित कृषि संकल्प अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान के तहत कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में किसानों को आमंत्रित करें। साथ ही कार्यक्रम में कृषि संगठनों एवं स्व-सहायता समूहों को भी शामिल करें। इसके अलावा मंडियों के माध्यम से और मुनादी कर इस अभियान का प्रचार-प्रसार करवायें। उन्होंने अभियान के दौरान कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की।

### खाद-बीज का हो पर्याप्त स्टॉक

मानसून के मद्देनजर कलेक्टर श्री यादव ने सभी एसडीएम से सोसायटी, सरकारी एवं निजी दुकानों में खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी एसडीएम यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में यूरिया, डीएपी, एनपीके का पर्याप्त स्टॉक हो तथा इस स्टॉक को रखने का उचित प्रबंध हो ताकि बारिश होने पर खाद न भींगे ।कलेक्टर श्री यादव ने नगर विक्रय केन्द्र में आरएईओ कि ड्यूटी लगाकर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि इन केन्द्रों पर वितरण सही से हो एवं सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हों। इसके अलावा विक्रेता खाद के अलावा उनकी दुकान से अन्य दवाईयों एवं बीज लेने के लिए दुकानदार किसानों को मजबूर न करें तथा सभी दुकानों के बाहर उर्वरक की दर सूची लगवाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री यादव ने समग्र ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पिछले 1 सप्ताह के दौरान नगर निगम के द्वारा किये गए प्रयासों में और अधिक तेजी लाने एवं प्रगति को 50 प्रतिशत तक ले जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएससी नगर निगम से समन्वय कर डोर- टू -डोर जाकर ई-केवाईसी का कार्य करें। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को जनपद पंचायत से समन्वय कर दुकानों के माध्यम से ई-केवाईसी कार्य करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने ई-केवाईसी के दौरान पाये जाने वाले सभी डुप्लीकेट समग्र को डिलीट करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बरही, कैमोर एवं विजयराघवगढ़ नगर पंचायतों की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए इस कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए।

### करें वाहनों की जांच

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने आरटीओ को निर्देश दिए कि ऐसे स्कूल बसें एवं कॉमर्शियल वाहन जिनकी फिटनेस, रजिस्ट्रेशन, परमिट एवं इंश्योरेंस नहीं है उनकी सूची बनाकर सूचित करें एवं इन वाहनों की सतत जांच करें।

## 10 लाख 63 हजार से अधिक नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 10 लाख 63 हजार 473 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का 64.86 फीसदी है।

### बहोरीबंद जनपद अव्वल

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में जनपद पंचायत बहोरीबंद जिले में अव्वल है। जहां अब तक 1 लाख 81 हजार 9 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 35 हजार 801 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो सका है। इसी प्रकार जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में अब तक 1 लाख 61 हजार 671, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 29 हजार 384 लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि नगर परिषद विजयराघवगढ़ मे 7 हजार 321 और जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 8 हजार 664 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। इसके अलावा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 52 हजार 479 तथा नगर परिषद बरही में 11 हजार 550 एवं जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 63 हजार 619 ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य हो चुका है। जबकि नगर परिषद कैमोर ने 11 हजार 975 नागरिकों की समग्र को आधार से जोड़ने का कार्य किया है।

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.inएवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कटनी**।एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना माधवनगर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार साहू मोहल्ला निवार पहाड़ी में दुर्गेश सेन पिता स्व शंकर सेन 20 निवासी साहू मोहल्ला निवार पहाड़ी थाना माधवनगर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

*महापौर एवं निगम आयुक्त के निर्देश पर चलाया जा रहा अभियान*

# शहर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए दो पालियों में कराई जा रही साफ सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्धेश्य से निगम प्रशासन के स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाकर सक्रियता से दो पालियों में नगर की सफाई व्यवस्था कर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शहर के सभी छोटे बड़े नाली-नालों एवं की सफाई के कार्य के साथ ही मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु वार्डों में फॉगिंग मशीन के माध्यम से रासायनिक धुएं के छिड़काव का अभियान निरंतर जारी है।

अभियान के तहत यात्री सुविधा को देखते स्वच्छता मित्रों द्वारा बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय परिसर की धुलाई सहित नगर के अन्य मुख्य मार्गो में विशेष सफाई का कार्य कराया गया है । वहीं आगामी वर्षा ऋतु के जलभराव की स्थिति निर्मित न हो इसको ध्यान में रखते हुए नगर के छोटे एवं बड़े नाले नालियों की अभियान चलाकर जेसीबी एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से सफाई कार्य किया जाकर जमा कचरे एवं गाद को निकाला जा रहा है। ताकि सुगमता से वर्षा जल की निकासी हो सके।

मदनमोहन चौबे वार्ड स्थित भूमि प्रगट शारदा देवी मंदिर मार्ग में नाले का जेसीबी एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से सफाई कार्य कराया गया है। इसके साथ ही रामनिवास सिंह, कावसजी वार्ड, राम जानकी हनुमान वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, मूंगा बाई कॉलोनी के विभिन्न नाले एवं नालियों की सफाई करायी जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

## समपार रेलवे फाटक बंद रहने से लोगों की बढ़ी परेशानी



आयुध निर्माणी कटनी समपार रेलवे फाटक अनावश्यक रूप से बंद रखे जाने को लेकर डीआरएम जबलपुर से इस परेशानी को हल करने की गुहार लगाई गई है। समपार रेलवे फाटक बंद होने से केंद्रीय विद्यालय, डीएवी स्कूल आदि के छात्रों समेत, केजी के नन्हें बच्चों के अलावा निर्माणी कर्मचारियों, अंतिम यात्रा, मरीजों की एंबुलेंस और रोजाना यहां से आने-जाने वाले हजारों की संख्या में नागरिकों और साऊथ स्टेशन जाने वाले यात्रियों को आधा-आधा,पौन घंटे तक रेलवे फाटक खुलने की बेवजह प्रतीक्षा करनी पड़ती है। दो ट्रेनों की पासिंग के मध्य दस-पंद्रह मिनट तक का अंतर होने के बावजूद रेलवे फाटक लगातार बंद रखा जाता है। यहां तक कि जबलपुर से कटनी के लिए आने वाली ट्रेन पहले माधवनगर कटनी रेलवे फाटक पर पहुंचती है और वह खुला रहता है किन्तु आयुध निर्माणी समपार रेलवे फाटक बंद रहता है।

# पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा,में कक्षा छठवीं सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाईन आवेदन पत्र भरना प्रारंभ हो गया है। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ हो गया है। आवेदन आनलाईन किया जा सकेगा। आनलाईन आवेदन को जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। आवेदन ऑनलाईन निःशुल्क किया जा सकता है। चयन परीक्षा हेतु आवेदन करने की पात्रता उन विद्यार्थियों को ही है जो कि कटनी जिले में सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हों एवं कटनी जिले में ही निवासी होंगे।

चयन होने की स्थिति में विद्यार्थी का एवं पालक का कटनी जिले के निवास का प्रमाण (जो कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित हैं) देना अनिवार्य होगा। जो विद्यार्थी जिस विकासखण्ड के विद्यालय में अध्ययनरत हैं उसी विकासखण्ड का उल्लेख आवेदन पत्र में करेंगे। आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी सही एवं सावधानी पूर्वक भरेंगे। विद्यालय सरकारी या मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। वे ही विद्यार्थी आवेदन करने हेतु पात्र हैं जिनका जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 (दोनों दिनांक सम्मिलित करते हुए) के बीच हुआ हो।

कक्षा छठवीं में प्रवेश से संबंधित संपूर्ण जानकारी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को कटनी जिले के विभिन्न विकास खण्डों के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जावेगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है।

### बी.एड और एम.एड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये आवेदन शुरू

शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित बी.एड एवं एम.एड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ है। शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केवल सभी संवर्ग के शासकीय सेवारत शिक्षक ही पात्र हैं। ऐसे इच्छुक शासकीय शिक्षक जो बीएड और एम एड पाठ्क्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं वे बेवसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। शिक्षा महाविद्यालय के कैचमेन्ट क्षेत्र में जिलो की संख्या और नाम निर्धारित किये गए हैं।

*मुक्तिधाम परिसर में भागवत कथा का हो रहा आयोजन*

# भक्ति के लिए उम्र का नहीं कोई बंधन बच्चों को जैसा चाहो वैसा बना सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुक्तिधाम परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में पांचवे दिन ध्रुव चरित्र की कथा का प्रसंग कथा व्यास ने सुनाया। पहलगाम हमले मे शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए 11 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भगवताचार्य इंद्रभान शास्त्री महाराज द्वारा कथा का वर्णन किया जा रहा है। भक्तराज ध्रुव की कथा के माध्यम से श्रोताओं को भक्ति और दृढ़ संकल्प को विस्तार से समझाया। ध्रुव चरित्र की कहानी सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए उन्होंने बताया कि भगवान की भक्ति में उम्र की कोई बाधा नहीं होती और धैर्य-संयम परिवार के लिए आवश्यक है।भक्त ध्रुव ने तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाया।

उन्होंने कहा कि भक्ति के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बना सकते हैं। अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए, तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते है। इसलिए हमें समझना चाहिए नाम जप व दृढ संकल्प से ईश्वर शीघ्र प्रसन्न होकर हमारा कल्याण करते हैं।कथा का आयोजन मुक्ति धाम परिसर मे श्री श्री 1008 सिद्धपीठ श्री दक्षिणमुखी बड़े हनुमानजी मंदिर के तत्वाधान मे पहलगाम हमले मे शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कराया जा रहा है। धार्मिक नगरी में यह आयोजन 4 से 14 जून तक चलेगा।

शनिवार 14 जून 2025 पूर्णआहुति के साथ हवन एवं विशाल भण्डारा का आयोजन के साथ कथा का समापन होंगा। कथा प्रतिदिन समय शाम 4 बजे से 7 बजे तक कथा स्थल मुक्तिधाम नदीपार आयोजित की जा रही हैं।..पंडित आनंद महाराज एवं कथा व्यास भगवताचार्य इंद्रभान शास्त्री महाराज ने कटनी नगर की समस्त धर्म प्रेमी जनता से इस धार्मिक यात्रा और श्रीमद्भागवत कथा मे शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की हैं।

## संत कवर राम वार्ड में सड़क एवं नाली निर्माण से लोगों को मिलेगी सुविधा

# 25 लाख रूपए से होने वाले विकास कार्यों की महापौर ने रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर के उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर अंतर्गत संत कवर राम वार्ड में 25 लाख रुपए की लागत से होने वाले नाली एवं रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन रविवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद, वरिष्ठ नागरिक रामचंद्र मोटवानी एवं स्थानीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य गोविंद चावला ने महापौर श्रीमती सूरी के साथ विधिवत पूजन संपन्न कराई तथा कुदाली चलाकर विकास कार्यों की शुरुवात की।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष पीतांबर टोपनानी, मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं वार्ड प्रसाद सर्व गोविंद चावला, डॉ रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शकुंतला सोनी, रेखा तिवारी, मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, महेश होतवानी, सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक की विशेष मौजूदगी रही।

### आधारभूत संरचना होगी सुदृढ़

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वच्छता, जल निकासी और सुरक्षित यातायात की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से माधव नगर खैबर लाइन में अनुमानित लागत 4 लाख 26 हजार रुपए की लागत से श्री शिवकुमार सेवलानी जी के घर से श्री अमरलाल बलीरामानी जी के घर नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। वहीं रॉबर्ट लाइन में प्रीतम राइस मिल से अनिल इंडस्ट्रीज तक 17.74 लाख रुपए की लागत से सी सी रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह दोनों कार्य नगर के आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए हैं।

### चहुमुखी विकास का संकल्प

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर को सुनियोजित, स्वच्छ नगर के रूप में विकसित करना ही हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। यह निर्माण कार्य नागरिकों की बहुप्रतीक्षित आवश्यकताओं को पूर्ण करेंगे। जनता के सहयोग और महत्वपूर्ण सुझावों से नगर के चहुंमुखी विकास का संकल्प निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

### समस्या का होगा समाधान

क्षेत्रीय पार्षद गोविंद चावला ने बताया कि इन कार्यों से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा, जिससे नागरिकों के जीवन स्तर एवं मूलभूत सुविधाओं में सुधार आएगा। वहीं क्षेत्रीय उपयंत्री अश्वनी पांडे ने जानकारी दी कि इन विकास कार्यों को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे स्थानीय निवासियों को शीघ्र लाभ मिल सके।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिक सुरेश कुमार पंजवानी, बच्चराम झामनानी, सुशील मोटवानी, वासुदेव नागवानी, नारायण दास पंजवानी, परचामल झामनानी, सोनू चावला, अजय मदनानी , भीष्म कुमार,अमित पंजवानी, मनोज पंजवानी, संजय खूबचंदानी, श्रीमती जया वाधवानी सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही।

## जल संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्य

**कटनी**। जनअभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत विभिन कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। रीठी के ग्राम बिलहरी में बावड़ी उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। विकासखंड समन्वयक ने बावड़ी उत्सव से सभी को अवगत कराया। जिसके अंतर्गत जल संरक्षण हेतु नदी, तालाब, कुआं, बावड़ी, नलकूप आदि जो जल के प्रमुख स्त्रोत हैं उनके संरक्षण हेतु प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि उन्हें सहेजकर जल के स्तर को बढ़ा सकें।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

**खबर संक्षेप**

## करंट लगने से हुई मौत, 11 हजार विद्युत करंट की चपेट में आया व्यक्ति



**पन्ना।** जिले के अमानगंज तहसील अंतर्गत आने वाले विक्रमपुर ग्राम में करंट लग जाने से एक 55 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर लगभग 12 से 1:00 के बीच 55 वर्षीय व्यक्ति रूपलाल पिता राम प्यारे पाल निवासी जसवंतपुरा हाल निवास विक्रमपुर ग्राम में सूखा नाला के पास पत्ती काटते वक्त 11000 केवी विद्युत तार की चपेट में आ गया और उक्त व्यक्ति की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों द्वारा अमनगंज पुलिस को दी जिस पर अमानगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

## राजेश तिवारी का सड़क दुर्घटना में निधन

**अमानगंज।** पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अमानगंज की प्रथम महिला श्रीमती पुष्पा तिवारी के सुपुत्र राजेश तिवारी के इस सड़क दुर्घटना के निधन पर नगर के गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकार बंधुओ ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और 1 मिनट तक मौन धारण किया

## 6 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना/चौकी स्तर पर थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत को दिनांक 09/06/025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर माननीय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय पन्ना के प्रकरण क्रमांक 03/19 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट 11/13 म.प्र. डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम में 06 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी रामजस यादव पिता विजय यादव निवासी दोहा थाना बाँदा देहात जिला- बाँदा (उ.प्र.) को पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।
उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी खोरा सउनि प्रीतम सिंह, प्र.आर. अशोक, आर. बृजेश, अजीत एवं अमित का सराहनीय योगदान रहा है।

### नगर की सड़कों से गुजर रहे हैं तो जरा सावधानी बरतें क्योंकि आगे हो सकता है हादसा

# यातायात नियमों का खुलेआम हो रहा उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा





शासन द्वारा बनाए गए नियमों को लगेज वाहन चालकों द्वारा ठेंगा दिखाया जा रहा है। नगर में मिनी ट्रकों, पिकअप वाहनों, ट्रैक्टर-ट्रालियों में लोहे की सरियों को ओवर लोड भरकर लापरवाही पूर्वक ढोया जा रहा है इससे जहां नियमों की अवहेलना हो रही है तो वहीं पीछे चलने वाले अन्य वाहन चालकों के साथ हादसा होने का अंदेशा बना रहता है गौर करने वाली बात ये हैं कि नियमों को धता बताने वाले ऐसे वाहन चालकों पर सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई कर जुर्माना करने के आदेश दिए गए है, लेकिन आरटीओ विभाग और पुलिस विभाग उन पर मेहरबान बना हुआ है। यही वजह है कि तेंदूखेड़ा नगर के व्यस्तम मार्गों पर ये वाहन लोहे की सरिया लादकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। नियम है कि सरिया में लाल कपड़े का निशान लगाया जाए, ताकि पीछे चल रहे वाहन चालक को दिखाई दे और वह सतर्क रहे, लेकिन इसका भी पालन नहीं किया जा रहा है। मामले में कुछ वाहन चालकों से बात की तो उनका कहना है कि हम लोगों का कोई फायदा नहीं है, इसमें वाहन मालिकों को लाभ होता है। यदि सरिया ज्यादा लंबा है तो वाहन भी उतना बड़ा होगा तो भाड़ा ज्यादा लगेगा। जिसके चलते वाहन मालिकों द्वारा आदेशों की अनदेखी कर आमजन की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। हम तो नौकर है, जो वाहन मालिक आदेश करेगा, उसका पालन किया जाएगा। तेंदूखेड़ा नगर में आए दिन छोटे-छोटे हादसे होते रहते हैं गनीमत ये है कि कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ है।

### कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

वाहनों में ओवरलोड सरिया भरकर लापरवाही ढोई जा रही है इसके अलावा ये सरिया वाहन से कई फीट आगे तक निकली रहती है। कुछ वाहनों में रखी सरिया तो रोड पर से घिसटती हुई जाती है। ये अधिकतर व्यवस्त मार्गों से गुजरते हैं। जिनके पीछे से अन्य वाहन चालक भी रफ्तार में वाहन चलाते हुए आते हैं। यदि ऐसे में सरिया लेकर जा रहे वाहन चालक ने अचानक ब्रेक लगा कर अपना वाहन खड़ा कर दें तो पीछे चल रहे वाहन चालक के साथ हादसा घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। नगर में ऐसे नजारे हर दिन देखे जा सकते हैं। गौर करने वाली बात ये है कि रात में वाहनों की रफ्तार तेज होती है। जिससे पीछे चल रहे वाहन चालकों को कुछ दिखाई नहीं देता है। इन वाहनों के पीछे की न तो लाइट जलती है और न ही सचेत करने के लिए लाल कपड़ा बांधा जाता है।

### कब जागेगा पुलिस और आरटीओ विभाग

स्थानीय जागरूक लोगों का कहना है कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के मालिकों पर उचित कार्रवाई नहीं होना कहीं न कहीं पुलिस और आरटीओ विभाग की मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। शायद ही, कभी ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की गई हो। जिम्मेदारों की मेहरबानी से खुलेआम नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और संबंधित विभाग मूक दर्शक बनकर देख रहे हैं। उधर नगर के समाज सेवी, नेता भी उदासीन बने हुए है। जब इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात करना चाही तो नहीं हो पाई

### दुकानों के सामने खड़े होते हैं यह वाहन लगता है जाम

वहीं नगर के मुख्य मार्गों पर सीमेंट तथा लोहे की दुकानें संचालित हो रही है इन दुकानों के बाहर दिनभर ट्रैक्टर ट्राली व पिकअप वाहन हाथ ठेले खडे.रहते हैं जिनसे सरियों का परिवहन कराया जाता है ठेलों पर सरिया पूरी तरह नहीं आती है और आगे की और 15 तो पीछे की और भी लगभग 15 फीट तक बाहर निकली होती है सड़कों से गुजरते समय हाथ ठेला पर लदे सरिया ट्रैफिक को तो प्रभावित करते ही हैं। साथ ही हादसों को भी आमंत्रण देते हैं साथ ही इन दुकानों के सामने लोहे की सरिया सीमेंट आदि सामग्री लोड़ होने के कारण आए दिन जाम जैसे हालात बनते हैं साथ ही अन्य मार्गों की सड़कों पर भी जाम लग जाता है लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है ना ही इन पर ध्यान दिया जा रहा है जिसके चलते दुकानदारों के भी हौसले बुलंद हैं और मेन सड़क पर खड़े होकर लोहे की सरिया सीमेंट आदि सामग्रियों को वाहनों पर लोड अनलोड करा रहे हैं।

## रक्षक ही बने भक्षक पन्ना टाइगर रिजर्व के वन, वन्य प्रणी एवं सामग्री असुरक्षित

**पन्ना।** मध्य प्रदेश की शान कहे जाने वाले टाइगर रिजर्व में अब कुछ रक्षक ही भक्षक बन चुके हैं जिससे वन संपदा, वन्य प्राणी से लेकर विभागीय सामग्री भी असुरक्षित बताई जा रही है। ताजा मामला वनरक्षक अनिल शुक्ला के द्वारा एक राजसात पुरानी ट्रॉली चोरी छिपे बेचने का मामला सामने आया है। मामला उजागर होने के बाद जब तहकीकात की गई तो सीसीटीवी में यह वारदात देखने के बाद प्रबंधन के द्वारा वनरक्षक अनिल शुक्ला को नोटिस जारी किया गया इसके बाद वनरक्षक ने आनन-फानन में पुरानी ट्रॉली जिसे खरीदने वाले व्यक्ति के द्वारा टुकड़ों में बांट दिया गया था उसे वापस मंगवा कर रख दिया गया, लेकिन वन रक्षक की चलाकी नहीं चल सकी, फिल्ड डायरेक्टर अंजना सुचिता तिर्की के निर्देश पर 7 जून 2025 को वनरक्षक अनिल शुक्ला को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा फील्ड डायरेक्टर के निर्देश पर रेंजर राहुल पुरोहित के द्वारा वनरक्षक पर एफआईआर के लिए मड़ला थाना पुलिस को पत्र लिखा गया था। संबंधित मामले को लेकर पन्ना टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की से बात की ई जिन्होंने कार्यवाही संपेंशन तथा एफआईआर के लिये जो लेख किया गया है। उसकी पुष्टि की गई।

# 426 गर्भवती महिलाओं का हुआ परीक्षण



**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार जैन, ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सिविल अस्पताल हटा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष स्वास्थ जांच क्लीनिक लगाये गये। स्त्री रोग विशेषज्ञ/स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा क्लीनिक में पहुँची एनीमिया सहित अन्य जोखिम वाली स्वास्थ्य परेशानियों से पीड़ति 426 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच-नैदानिक परीक्षण कर समुचित उपचार सेवा दी गई। सभी गर्भवती को अनीमिया से बचाव में उपयोगी आयरन टेबलेट एवं गर्भावस्था दौरान रक्तचाप को नियंत्रित करने और जच्चा-बच्चा की हड्डियों को मजबूत बनाने में बेहद उपयोगी कैल्शियम टैबलेट का निःशुल्क वितरण किया गया। पी.एम.एस.एम.ए क्लीनिक दौरान प्रदायित स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रीता चटर्जी ने बताया कि विशेष स्वास्थ जांच क्लीनिक मे पहुँची गर्भवती महिलाओ को पोषण, स्तनपान, परिवार को नियोजित करने स्थायी-अस्थायी साधनो के बारे मे परामर्श भी दिया गया। गर्भावधि दौरान डायबिटीज की शीघ्र पहचान के लिए जी.डी.एम. परीक्षण किया गया। इसके अलावा ब्लडगुरप, रक्त-पेशाब जांच, मलेरिया, टी.बी., हिपेटाईटिस, एचआईव्ही जांच और चिकित्सक सलाह अनुसार अन्य आवश्यक नैदानिक जांच भी की गई। क्लीनिक दौरान स्वास्थ्य लाभ लेने पहुँची सभी गर्भवती महिलाओं की सुविधा का भी खास-ख्याल रखा गया। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच-परीक्षण के लिए पृथक से ओ.पी.डी., सुविधापूर्ण बैठक-पेयजल एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था भी बनाई गई।

### एनीमिया से बचाव में उपयोगी गुड और चना मिश्रित पोषण पोटली का वितरण

सिविल अस्पताल हटा में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र कुमार ठाकुर ने 93 महिलाओं का स्वास्थ्य जांच कर समुचित उपचार दिया गया। स्वास्थ्य लाभ लेने पहुँची सभी गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचाव में उपयोगी गुड और चना मिश्रित पोषण पोटली का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य जांच क्लीनिक दौरान स्वास्थ्य जोखिम वाली 38 महिलाओं की सोनोग्राफी, एनीमिक पाई गई 04 महिलाओं को आयरन सुक्रोज इंजेक्शन लगाये गये।पथरिया में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका छाबड़ा ने 62 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। पटेरा में डॉ. नियति जैन ने 71 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा में डॉ. मिताली हेरिसन, ने 52 महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोरिया में दक्षता स्किल लेब में 55 गर्भवती महिलाओं ने क्लीनिक में पहुँचकर स्वास्थ्य लाभ

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत झागर में हुआ जल संवाद कार्यक्रम



**दमोह।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्राचीन जल संरचनाओं के संरक्षण और संवर्धन हेतु अभियान निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में दमोह जिला प्रशासन एवं जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था छात्र सर्व कल्याण समिति द्वारा आज जल, जंगल, जमीन' के संरक्षण के प्रति अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले, आदिवासी अस्मिता और संस्कृति के जननायक, महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर पथरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम झागर में ₹जल संवाद कार्यक्रम₹ का आयोजन ग्राम पंचायत में किया गया। इस दौरान जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के मुख्य कार्यों को उपस्थिति जनों के समक्ष रखा। जनपद सदस्य कालूराम पटेल ने कहा हम सभी को मिलकर जल संरक्षण करना चाहिए तभी सरकार के यह अभियान सफल होंगे। सरपंच कमलेश पटेल ने कहा इन प्राचीन तालाबों का प्रयोग ग्राम के लोग करते हैं तो इनके संरक्षण का काम भी ग्रामीण जनों का होना चाहिए आने वाले समय में सामूहिक श्रमदान कर इसे संरक्षित करने हेतु संकल्पित हैं। कृष्णा पटेल ने कहा जल, जंगल और जमीन के संरक्षण हेतु अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले भगवान बिरसा मुंडा जी का बलिदान दिवस हैं। इस अवसर पर समाज के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य होना चाहिए कि हमारी इन प्राचीन जल संरचनाओं का संवर्धन हो ताकि हम अपनी आने वाली पीढियों को इन्हें सौंप सके। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब अपने प्राचीन जल संरचनाओं के संरक्षण हेतु आगे आकर कार्य करेंगे। इस दौरान जनपद सदस्य कालूराम पटेल, सरपंच कमलेश पटेल, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव, कृष्णा पटेल, सुनील जैन, आशीष पटेल, चंद्रपाल सिंह परिहार, सुनील पटेल, लखन पटेल, केशवराम कुर्मी, नर्मदा पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

# जिपं सीईओ ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर सोमवार को जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत रसीलपुर पहुंचकर जल संरक्षण हेतु कराया जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जिला सीईओ फुलपगारे ने रसीलपुर में कलेही माता प्रांगण में शासन द्वारा स्वीकृत सार्वजनिक पेयजल हेतु निर्माणाधीन निर्मल नीर कूप का निरीक्षण किया इसके उपरांत के तालाब डग वेल्स निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया जहां सभी जल संरक्षण हेतु ग्राम में पंचायत सरपंच कमल दुबे द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की सराहना करते हुए जिला सीईओ द्वारा काफी प्रशंसा की गई। इसके उपरांत उन्होने ग्राम पंचायत भिड़ारी मैं भी जल संरक्षण निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया इस दौरान हटा जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी, एसडीओ अशोक शर्मा, सरपंच कमल दुबे, उपयंत्री दीपक जिरोलिया, राकेश खरे के अलावा सचिव जागेश्वर नामदेव रोजगार सहायक सुधीर काछी की उपस्थित रही।

## शहादत दिवस का कार्यक्रम ग्राम डहरा वमनोदा में आयोजित

# क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा के विचारों का हम सभी को अनुसरण करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



धरती आवा भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस का कार्यक्रम ग्राम डहरा वमनोदा में आयोजित किया गया जिसमें आदिवासी समाज के भाई बहनों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम का शुभारंभ धरती आवा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। तत्पश्चात उपस्थित वक्ताओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनता जनार्दन से आवाहन किया कि आज हम सभी को भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने अल्प आयु में आदिवासी समाज के लोगों के लिए बहुत कुछ किया है हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। मुख्य अतिथि रिटायर अपर कलेक्टर नारायण सिंह ठाकुर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को एकजुट होकर समाज के उत्थान एवं विकास हेतु कार्य करने की आवश्यकता है। अध्यक्षता कर रहे मुकेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि नौजवान युवाओं को बिरसा मुंडा के बताए हुए मार्ग पर चलकर अपने हक अधिकारों के प्रति लड़ाई लड़नी चाहिए भूप सिंह ठाकुर ने कहां हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए श्रीमती कौशल्या मेमार ने कहा कि आदिवासी समाज की माताएं बहनें भी किसी से हम नहीं है जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने कार्यक्रम को संबोधित करते कहां की धरती बाबा भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हमेशा संघर्षों से भरा रहा है उन्होंने कम उम्र में ही समाज के उत्थान हेतु कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायक है उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब एक मंच पर आकर समाज के संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आगे बढ़े तभी समाज का विकास होगा कार्यक्रम का संचालन यशवंत ठाकुर ने किया तथा कार्यक्रम का आभार भगवान सिंह ठाकुर द्वारा किया गया इस अवसर पर मुंशी ,सुरेन्द्र सिंह, दशरथ,मिलन , राममिलन, सोनू, गोलू पोर्ते, गिरधारी परस्ते, नोने लाल, योगेंद्र तेकाम सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### युवाओं ने रखे अपने विचार




दिनेश सिंह कहते हैं कि बिरसा मुंडा का जीवन आदर्शों से भरा हुआ है। उन्होंने भारत को आजादी दिलवाने के लिए बाल्याकाल से ही अंग्रेजों के खिलाफ बगावत छेड़ दी थी जिसके चलते ही उन्हें जेल भी हुई लेकिन उनके हौसले हमेशा बुलंद रहे। वे न केवल जनजाति समाज अपितु पूरे देश के लिए गौरव हैं । - दिनेश सिंह ठाकुर युवा



सोनू पोर्ते कहते हैं कि बिरसा मुंडा वह नाम है जिनमें अपने वतन के प्रति शौर्य और समर्पण से हर फिरंगी थरथर कांपता था आज उनकी गाथा और राष्ट्र के प्रति निष्ठा के कारण ही उन्हें भगवान की उपाधि दी गई है। उन्हें धरती के सच्चे सपूत और जनमहानायक की उपाधि दी गई है।

- सोनू पोर्ते युवा सेवक



दीपक मरावी कहते हैं कि भगवान बिरसा मुंडा ने बाल्याकाल से लेकर युवा अवस्था तक भारत की अस्मिता बरकरार रखने के लिए कार्यों किए। हम भी उनके बलिदान और शौर्य से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए मार्गों पर चलने का प्रयास कर रहे हैं।

-दीपक मरावी युवा तेन्दूखेड़ा

जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत पोर्ते कहते हैं कि बिरसा मुंडा का जीवन युवाओं को साहस, संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए प्रेरित करता है।



बिरसा मुंडा की देशभक्ति और संघर्ष हम सभी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है वे प्रतिभाशाली युवा थे, जिनके अंदर गजब की लीडरशिप क्वालिटी थी उनके इस गुण के बारे में अंग्रेज जान गए थे यही वजह था कि वे बिरसा मुंडा और उसके आंदोलन से डरते थे हमें भी अपने अधिकारों के लिए उसी तरह की लीडरशिप लाने की जरूरत है।

**-श्रीकांत पोर्ते**
**संगठन प्रदेश मंत्री जयस**
**तेंदूखेड़ा**

### अंग्रजों की दमनकारी नीति का किया था विरोध : श्रीकांत पोर्ते

**तेन्दूखेड़ा।** सोमवार को भगवान बिरसा मुंडा का शहीद दिवस मनाया गया हर साल 9 जून को यह दिवस मनाया जाता है इस बीच तेन्दूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बमनौढा के डहरा ग्राम में आदिवासी समाज के लोगों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा को याद किया गया उन्हें माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ ही उनके कृतित्व को याद किया गया जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश मंत्री श्रीकांत पोर्ते ने बताया कि भगवान शहीद बिरसा मुंडा अल्पायु में ही अंग्रेजों से लोहा लेते हुए उनके दांत खट्टे कर दिए थे वे झारखंड के सच्चे सपूत एवं देश भक्त थे 9 जून 1900 में वो शहीद हो गए थे कहा जाता है कि बचपन में जब मिशनरियों के स्कूल में अध्यापन के लिए जाया करते थे तब वहां मिशनरियों ने उनका धर्म परिवर्तन कराना चाहा तब उन्होंने उसी समय उस षड्यंत्र को समझते हुए उन्होंने विरोध शुरू कर दिया था और स्कूल को छोड़ दिया था बिरसा मुंडा ही थे जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अशिक्षित झाड़-फूंक में भरोसा करने वालों को बताया कि चेचक है जा सांप काटना आदि भगवान की देन नहीं है बल्कि इसका इलाज संभव है इसलिए समय रहते इलाज पर भी भरोसा किया जाए ऐसा कहते हुए उन्होंने स्वयं लोगों को इन रोगों दुर्घटनाओं से लड़ने के लिए उपाय बताए यही उनके बताए उपायों से लोग ठीक भी होने लगे जिसके कारण लोग उन्हें भगवान मानने लगे।

### श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर प्रारंभ....

# संस्कार की पाठशाला में हर वर्ग हर आयु समूह के लोग ले रहे भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में सोमवार से छै दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर राजस्थान के तत्वाधान में गुरू उपकार महोत्सव के अवसर पर लगाया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ विनोद विनय विवेक बम्होरी वालों के द्वारा ध्वाजारोहण के साथ हुआ, मंत्रोपचार एवं भजन अर्घ्य समर्पित करके सकल समाज के समक्ष आयोजन स्थल पर ध्वजारोहण किया गया। पंडित अभिषेक डुमडुम के द्वारा शिविर के सफल होने के लिए मंगल कलश की स्थापना की गई। शाह लक्ष्मी चंद जैन, पूर्व नवोदय प्राचार्य एचके जैन, मंदिर कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट विवेक जैन, संजय जैन ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण करते हुए दीप प्रज्जवलित किया। सांगानेर संस्थान से आये भैया जी अंकित जैन, शीलचंद जैन ने बताया कि शिविर के माध्यम से जैन धर्म की बारीकियों से अवगत करते हुए संस्कारों की शिक्षा प्रदान की जायेगी। शिविर सभी आयु वर्ग के लोगों से भाग लेने की अपील की गई है।

खबर संक्षेप

## दूध, पनीर एवं दही के लिए गए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर में विभिन्न दूध डेयरी एवं पनीर विक्रय दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण की कार्यवाही मुकेश नायक कॉलोनी स्थित आर्यन दूध डेयरी एवं कचौरा शॉपिंग सेंटर स्थित विवेक ट्रेडर्स पर की गई है। मौके पर आर्यन दूध डेयरी के परिसर से गाय भैंस का मिश्रित दूध एवं पनीर के नमूनें जांच हेतु लिए गए है। इसी तरह कचौरा शॉपिंग सेंटर स्थित विवेक ट्रेडर्स से पनीर एवं दही के नमूनें जांच हेतु लिए गए हैं। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर समस्त दूध डेयरी संचालकों को शुद्ध गुणवत्तायुक्त दूध,दही,पनीर,घी, क्रीम सहित अन्य दुग्ध पदार्थ ग्राहकों को विक्रय करने के निर्देश दिए गए हैं। दूध डेयरी एवं पनीर विक्रय दुकानों को परिसर में निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर सुधार सूचना पत्र जारी किए ।

### थाना कुम्हारी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# दो दिन में चोरी का पर्दाफाश चोरी का पूरा माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

थाना कुम्हारी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 2 दिन में चोरी गए पूरे माल को बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी का अनाज और एक बुलेरो पिकअप वाहन बरामद किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह श्रुतकीर्ती सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह श्री संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन मे श्रीमान एसडीओपी महोदय हटा प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन पर थाना प्रभारी कुम्हारी उनि. बृजेश पाण्डेय व उनकी पुलिस टीम के प्रयास से थाना कुम्हारी के अप.क्र. 90/25 धारा-331(4), 305 बीएनएस मे पडरी वेयर हाऊस से चोरे गये 88 बोरी अनाज को चोरो व्दारा बैचने की फिराक मे कटनी ले जाते समय दि नां क -



08.06.25 की रात्री करीब 11.00 बजे कुम्हारी पुलिस के व्दारा दबिस देकर आरोपी अजय पिता मथुरा प्रसाद शुक्ला उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम सिमरी शुक्ल थाना रनेह एवं साबूलाल पिता पूरनलाल साहू उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम हरदुआ घाट थाना रनेह के कब्जे से 57 बोरी चना, 01 बोरी सरसो एवं 30 बोरी मटर कुल 88 बोरी अनाज, कुल कीमती 358600/- एवं एक बुलेरो पिकअप की जप्ती की है। आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

थाना कुम्हारी के ग्राम पङरी मे दिनांक-05-06 जून की दरम्यानी रात मे संतोष अग्रवाल निवासी टंडन बगीचा दमोह के वेयर हाऊस से कुछ बदमाशो ने 57 बोरी चना, 01 बोरी सरसो एवं 30 बोरी मटर, कुल 88 बोरी अनाज बेयर हाउस का ताला तोङकर चोरी कर ले गये थे। अभियुक्तः- अजय शुक्ला निवासी सिमरी, साबूलाल साहू निवासी हरदुआ घाट एवं अन्य जप्त मशरुका- 57 बोरी चना, 01 बोरी सरसो एवं 30 बोरी मटर कुल 88 बोरी अनाज, कुल कीमती 358600/- एवं एक बुलेरो पिकअप कीमती करीबन 600000/- रुपये। सराहनीय कार्य करने वाले अधि. कर्म. के नामः उनि. बृजेश कुमार पाण्डेय, सउनि. गोविन्द सिंह, सउनि. नबल सिंह, प्र.आर. सुखलाल, प्र.आर. सुरेन्द्र, आरक्षक नागेन्द्र सिंह राजपूत, आरक्षक राजेश कुमार, आरक्षक रमाकांत, आरक्षक बलबंत, आरक्षक आशीष, आरक्षक डेनी सिंह, आरक्षक मोहन, आरक्षक रामबहादुर, सै. प्रीतम सिंह, ग्रारस धर्मेन्द्र सिंह लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अर्धनग्न अवस्था में दंड भरते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ज़ब प्रदेश में मूंग खरीदी पर रोक लगाने की बात कही गई है तब से ही प्रदेश भर में किसानों का गुस्सा देखने को मिल रहा है. आज दमोह में चिलचिलाती धूप में दमोह के किसान दंड भरते हुए अर्धनग्न अवस्था में 'मूंग खरीदी चालू करो' का नारा लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह लोधी ने बताया की आज किसानों द्वारा बिना किसी संगठन, बिना किसी राजनैतिक दल के बैनर तले ये प्रदर्शन किया। जिसका उद्देश्य भाजपा सरकार को समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की मांग मानने पर मजबूर करना है। किसानों ने बताया कि अगर सरकार जल्द ही मूंग खरीदी की घोषणा नहीं करती तो दमोह में किसान अनिश्चित कालीन अमरण अनशन पर बैठेंगे। इस ज्ञापन में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा जी, पूर्व सेवादल अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर जी, भीष्म नारायण पटेल जी, तुलसी लोधी, देवेंद्र अहिरवार, एड. नरेंद्र प्रताप, नीलेश ठाकुर, दीनदयाल पटेल, सरदार सिंह, अंकित राय, जीतेन्द्र पटेल,कमलेश चोरसिया, नत्थू सिंह, गुड्डु प्यासी सत्ती खिरिया,धमेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह घोघरा, राजू सिंह, गोविंद सिंह केरवना, देवी सिंह गूगरा, सुनिल सिंह हिगवानी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## ब्लॉक स्तरीय योग प्रशिक्षण का आयोजन संपन्न

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को विकासखंड योग प्रभारी महेंद्र सिंह मरकाम शिक्षक न बताया है कि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा में ब्लॉक स्तरीय योग प्रशिक्षण का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे के निर्देशन में किया गया है जिसमें 11वी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें हमारे विकासखंड योग प्रभारी महेंद्र सिंह मरकाम ने योग प्रशिक्षण में योग करने के अनेकों शारीरिक लाभ विस्तार से लाभ बताए एवं योग मास्टर ट्रेनर प्रदीप साहू सर एवं सीताराम जी परस्ते सर द्वारा योग करने हेतु विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें तेंदूखेड़ा विकासखंड की समस्त शालाओं के सभी योग प्रभारी शिक्षक उपस्थित हुए।

# वसुंधरा नगर में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्रमण संस्कृति संस्थान सागानेर द्वारा पूरे भारतवर्ष में विभिन्न स्थानों पर संस्कार शिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाना है जिसके तहत दमोह शहर में भी संस्कार शिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को शहर के वसुंधरा नगर में लग रहे संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ ध्वजारोहण व कलश स्थापना के साथ हुआ। सर्वप्रथम संत



शिरामणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। इसके पश्चात ध्वजारोहण कर्ता परिवार श्रीमति नूतन, ओनी जैन, अरू जैन ने ध्वजारोहण कर शिविर



का शुभारंभ किया। तत्पश्चात मंत्रोच्चार पूर्वक मंगल कलाश की स्थापना संजय जैन(एमपीबी) श्रीमति सविता जैन साक्षी जैन परिवार द्वारा की गई। इसके पश्चात संस्थान की ओर से पधारे अतिथि विद्वान डा प्रदीप शास्त्री, पं अंकित शास्त्री, सुपनेश शास्त्री ने शिविर के शुभारंभ अवसर पर पूरे शिविर के महत्व, उददेश्य व समय सारिणी पर प्रकाश डाला। इसके बाद शिविर संयोजक अरूण जैन कोर्ट व सहसंयोजक महेन्द्र जैन फोटो ने भी शिविर में पधारे अतिथि विद्वान सहित शिविर में शामिल हो रहे बालक बालिकाओ व श्रावकों का स्वागत करते हुये शिविर की कक्षाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष डीसी जैन, पूर्व अध्यक्ष कमल सिंघई, की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर महामंत्री आशीष शाह, संदीप जैन, अतुल जैन, महेन्द्र जैन करूणा, जिनेन्द्र जैन, विजय जैन, बीसी जैन, विनोद जैन, संदीप अभाना, सौरभ भारिल्ल, बड़ी संख्या में पाठशाला के बच्चों सहित महिलाओं की उपस्थिति रही। संचालन सुनील जैन वेजेटेरियन ने किया। आभार संयोजक अरूण जैन कोट ने माना।

### अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किये

# ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



**हिण्डोरिया।** हॉकी नोडल विद्यालय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंडोरिया में हॉकी के ग्रीष्मकालीन समर शिविर का समापन किया गया। इस मौके पर शिविर में भाग लेने वाले विधालय के सभी लड़का एवं लड़कियों को प्रमाण पत्रों का वितरण अतिथियों के करकमलों से किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाय.के. कोरी (विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दमोह) ने कहा कि वास्तव में इतने कम समय मे जिस तरह से हॉकी नोडल विद्यालय के शिक्षकों एवं नगर के वरिष्ठ हाकी खिलाड़ी अल्ताफ अली ने नवोदित बच्चों की हाकी टीम बनाने का प्रयास किया। इन सभी की ये कोशिश निसंदेह शानदार एवं सराहनीय हैं। प्रभारी प्राचार्य अनिल गर्ग ने कहा की बच्चों के जीवन मे शिक्षा के अलावा खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का होना भी आवश्यक है। वरिष्ठ हाकी खिलाड़ी अलताब अली, सलीम मासाब एवं सुजात खान ने कहा चाहे खेलकूद का मैदान हो या शिक्षा का क्षेत्र हो - हमे जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन मे रहने की जरूरत है ।अनुशासन से व्यक्ति, समाज एवं देश महान बनता है। सभी बच्चों को अपने जीवन मे माता-पिता, गुरूजनों एवं बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी तैयुब अली, कीड़ा प्रभारी पवन राय, खेल शिक्षक प्रीतम सिंह, शिक्षिका रेखा रोहिताश, रिचा तम्मकार, दीपिका सूर्यवंशी सहित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में भाग लेने वाले हाकी नोडल विधालय के खिलाड़ी लड़का एवं लड़कियां मौजूद रहे।

## पुलिस -चिकित्सक समन्वय संवाद का हुआ आयोजन



**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी दमोह द्वारा जिले के शासकीय और निजी चिकित्सकों से समन्वय संवाद किया गया। संवाद में पुलिस अधीक्षक, पुलिस टीम के साथ ही ज़िले के प्रमुख चिकित्सक उपस्थित हुए। संवाद में चिकित्सालयों में सुरक्षा मानकों जैसे पुलिस/गार्ड सुरक्षा, सीसीटीवी कवरेज, नियमित चेकिंग, कर्मियों का चरित्र सत्यापन, चिकित्सक-मरीज़ व्यवहार जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य पर रूपरेखा बना कर विशेष ध्यान देने की कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। इसके तहत स्वैच्छिक चिकित्सकों द्वारा पुलिस अस्पताल में सेवाएं देने एवं नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का विचार किया गया है।

# अनुगामी का अनुगमन केनद्रित उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अंतरा फाउंडेशन की टीम द्वारा जिला दमोह में प्रोजेक्ट अनुगामी के तहत मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु रेफरल क्लोजर लूप अर्थात हाईरिस्क केस की एंड टू एंड टेकिंग पर किस तरह कार्य किया जाना है, संबंध में एक उन्मुखीकरण कार्यशाला की गई। जिसमें स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की सहभागिता रही। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश



सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, सहायक संचालक संजीव मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे।कार्यशाला दौरान बताया गया कि प्राथमिकता के आधार पर सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को गर्भवती महिलाओं की सूची साझा की जायेगी। जिनकी संभावित प्रसव तिथी का सत्यापन, हाई रिस्क केस की समय रहते पहचान, इन हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत लगाये जा रहे विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक में जांच कराना, गर्भावधि के आठवें एवं नवें महिने में गर्भवती की प्रसव पूर्व तैयारी सेवा प्रदाताओं द्वारा की जाकर सुरक्षित प्रसव के लिए उचित स्वास्थ्य संस्था को टैग किये जाने के संबंध में सभी आवश्यक जानकारियों को साझा किया गया। जन्म के समय किसी भी प्रकार की गंभीर चिकित्सकीय जटिलताओं से ग्रसित बच्चे, कम वजन एवं अति कम वजन के बच्चे एवं माता की प्रसव पश्चात पहले सात दिनों तक स्वास्थ्य पर निगरानी बनाये रखने एवं उचित प्रबंधन हेतु स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं द्वारा निरंतर गृह भेंट कर स्वास्थ्य देखभाल सेवा दी जायेगी। जिसकी निगरानी जिला स्तर पर डीसीएम एवं बीसीएम द्वारा रखी जायेगी।

## 12 से 14 जून तक पथरिया, हटा, जबेरा, तेंदूखेड़ा में रोजगार मेले का आयोजन

**दमोह।** जिले में क्वेस कार्पो अहमदाबाद द्वारा जिला दमोह में टाटा मोटर्स अहमदाबाद/पुणे के लिए आई.टी.आई, बारहवीं तथा स्नातक उत्तीर्ण तथा आयु वर्ग 18-23 वर्ष के आवेदको के लिए अप्रेंटिस/नेपसी सीधी भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम विवरण अनुसार 11 जून को प्रातः 11 बजे से माधवराव सप्रे शासकीय स्नातक महाविद्यालय पथरिया में आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 12 जून को प्रातः 11 बजे से आजीविका मिशन भवन हटा में आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार 13 जून को प्रातः 11 बजे से शासकीय स्नातक महाविद्यालय जबेरा में आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार 14 जून को प्रातः 11 बजे से अमर वीरांगना अवंतीबाई लोधी शासकीय स्नातक महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा।

# कृषि व्यवसाय के लिए नई दिशाः विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों और महिलाओं को जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

जिले के सिंग्रामपुर ग्राम पंचायत भवन में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों और महिलाओं को कृषि व्यवसाय के संबंध में जानकारी दी गई। डॉ वीरेंद्र साहू ने बताया कि वर्तमान में दमोह जिला अश्वगंधा की खेती के लिए जाना जाता है और वही किसान भाइयों को खाद बीज नए-नए तरीके से उपज उपज पैदा की जा रही है इस अभियान का उद्देश्य सरकार की नीतियों को किसानों तक पहुंचाना है। इस दौरान डॉक्टर सोमनाथ डॉक्टर अमरते कृषि विशेषज्ञ द्वारा अपनी बात रखी और जानकारी देते हुए बताया महिला समूह जो अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित हो रहे हैं उनका



प्रयोजन किस तरह से किया जाए जैसे पपीता की खेती जो पारंपरिक खेती है उसको नई उपदेश देते हुए कृषि का विस्तार करना है जो की प्रधानमंत्री का सपना है किसान भाई 1 एकड़ में पारंपरिक खेती जरूर करें जिससे खेती की लागत कम हो और मुनाफा ज्यादा हो सके मुलायम चंद्र जैन सुखचैन लोधी ने बताया प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य कृषि को आत्मनिर्भर बनाकर पारंपरिक खेती के लिए नई-नई योजनाएं किसानों के लिए लाई गई हैं सरकार की यह एक अच्छी पहल है। किसानों को नई तकनीक और तरीके से खेती करने की जानकारी दी गई। महिला समूह को भी कृषि व्यवसाय के संबंध में जानकारी दी गई और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान भाइयों और महिला समूह की उपस्तिथि रही। कार्यक्रम के समापन में कृषि विभाग अधिकारी के एल चौरसिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मुकर्रम वारसी एवं हबीब अजमेरी के मध्य कव्वालियों का मुकाबला होगा

### शहर गश्त कर सन्दली चादर मजार पर चढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी हिंदू मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक हजरत बाबा महबूब शाह रहमतुल्ला अलैह का 83 वां उर्स शरीफ नगर हिण्डोरिया में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 09 जून 2025 दिन सोमवार की शाम को नगर में गश्त कर चादर शरीफ निकाली गई। एवं बाबा के मजार पर चढ़ाई गई। साथ ही मीलादे पाक का आयोजन कर तबर्रूक वितरण किया गया। आज 10 जून 2025 दिन मंगलवार की तमाम रात्रि



10 बजे से भारत के मशहूर कव्वाल मुकर्रम वारसी एवं हबीब अजमेरी के मध्य यादगार गजलों एवं कव्वालियों का अदवी मुकाबला होगा। उर्स कमेटी के सदर जनाब रहीम खान मुकददम ने सभी धर्म प्रेमियों , कव्वाल प्रेमियों एवं अकीदतमंद हजरात से कार्यक्रम में बड़ी तादाद में शिरकत करने की अपील की है।